एक नजर में

ग्राम इच्छापुर में गुरु पुर्णिमा उत्सव मनाया

इच्छापूर। बुधवार को गुरु पुर्णिमा उत्सव ग्राम इच्छापुर में उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमे श्रीइच्छा देवी मंदिर परिसर में स्थित खेडा पती हनुमान मंदीर के महंत 108 श्रीश्री हरिदास त्यागी जी का महाराज का मंदिर परिसर में मनोहर सिंह, डॉ रमाकांत पाटील ,नामदेव महाजन ,राविंद्र कोली , कवर सिंह पान पाटील, विरेंद्र जैन, प्रकाश महाजन ने पुष्पहार से.स्वागत कर शॉल श्रीफल भेट कीए ।तपश्चात कन्या.भोज कर पुजन किया गया। इसी प्रकाश विठ्ठल मंदिर में दही हंडी फोडकर.दिंडी निकाली गई।

श्री गणेश विद्यालय में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया

बुरहानपुर। श्री गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुरहानपुर में गुरु पौर्णिमा व्यास पौर्णिमा के शुभ अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार दिनांक 29जुलाई को गुरु पौर्णिमा उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में निमाड़ एज्युकेशन सोसायटी के अध्यक्ष श्री डॉग्राजीव जी मुजुमदारए उपाध्यक्ष श्री भीमसेन जी लधवेए सचिव श्री जगदीश जी वाढेए समिति के सदस्य श्री मनोज भाई तारवालाए गजेन्द्र जी पाटील उपस्थित थे।अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और गुरु सांदिपनि के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।छात्रए छात्राओं ने गुरु की महिमा का वर्णन किया।सचिव श्री जगदीश जी वाढे ने गुरु जनों के त्याग और समर्पण का वर्णन करते हुए कहा गुरु अपना जीवन छात्रों के भविष्य को संवारने में लगा देते है।समिति के पदाधिकारियों द्वारा सभी शिक्षकों को तिलक लगाकरएमाला पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में सभी शिक्षकएशिक्षिकाएंए छात्र और छात्राएं उपस्थित थे।संचालन शिक्षक लक्ष्मण भल्लावी ने किया।

भारत भूमि हरीभरी एवं प्रकृति संतुलित हो जाएगी : पं योगेश चतुर्वेदी

बुरहानपुर। शिवाधाम बहादरपुर में गुरूपूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सैकड़ो भक्त सम्मिलित हुए। शिवधाम गुरुजी एवं ज्योतिषाचार्य पं. योगेश चतुर्वेदी ने बताया कि हमारे जीवन में गुरु का महत्व बहुत अधिक गुरु जो हमें अंधकार से प्रकाश की और ले जाए ,जीवन में परेशानी आने पर जो सही मार्गदर्शन दे ,साथ ही हमे गुरु के वचनों का पालन एवं उनके बताए गए अच्छे मार्ग पर चलना चाहिए ,प्रत्येक गुरु को अपने शिष्यों को अध्यात्म के साथ प्रकृति एवं जल के संरक्षण पर भी मार्गदर्शन देना चाहिए जिससे प्रकृति भी हरीभरी रहे हमारी नदिया साफ रहे। हमारे भारत वर्ष में लाखों गुरु एवं करोड़ों शिष्य और एक पेड़ यदि यह हो जाए तो भारत भूमि हरीभरी एवं प्रकृति संतुलित हो जाएगी। इस उद्देश्य को लेकर प्रति वर्ष शिवधाम परिसर में शिष्यों के साथ वृक्षारोपण करते है।जी गुरुजी ने बताया कि इस अवसर पर शिष्यों को गुरुमंत्र दिया गया साथ ही भक्तों ने गुरुजी का पूजन कर भोजन प्रसादी ग्रहण की जिसमें सैकड़ो भक्त गण सम्मिलित हुए ।

रक्षाबंधन पर मध्य सरकार महंगाई भत्ते का तोहफा दे : दिक्षित

बुरहानपुर। मध्य प्रदेश कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय उर्दू शिक्षक संघ के सलाहकार मंडल के राज्य अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने मध्य प्रदेश के यशस्वीए संवेदनशील और मानवता के सच्चे प्रतीक मुख्यमंत्री मोहन यादव जी से निवेदन किया है कि मध्य प्रदेश के 12 लाख 50000हजार सरकारी कर्मचारियों को और पेंशन भोगियों के लिए रक्षाबंधन से पहले महंगाई भत्ते का तोहफा प्रदान कीजिए राज्य सरकार कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशन भोगियों की महंगाई राहत में 2: की बढ़ोतरी करने का फैसला कर्मचारी हित में ले ब। संयुक्त मोर्चा के डॉक्टर अशफाक खान,धर्मेंद्र चौकसे,राजेश साल्वे,अनिल बाविस्कर,बृजेश राठौर ,ठाकुर हेमंत सिंह , पेंशनर्स संघ के अत्ताउल्लाह खान एवं महिला पदाधिकारी श्रीमती कल्पना पवार,ज्योति शाह, बाथम मैडम निंबालकर मैडम विभिन्न कर्मचारी संगठनों का कहना है कि प्रदेश के कर्मचारी और पेंशन भोगी पिछले करीब 7 महीने से महंगाई भत्ते और महंगाई रात में बढ़ोतरी का इंतजार कर रहे हैं वर्तमान में कर्मचारियों को 58: महंगाई भत्ता मिल रहा है कर्मचारी संगठन से बढ़कर 60: करने की मांग कर रहे हैं महंगाई भत्ता नहीं बढ़ाए जाने से कर्मचारियों का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है । प्रदेश अध्यक्ष संतोष सिंह दीक्षित का दावा है कि पिछले 7 महीने में महंगाई भत्ता नहीं देने जाने के कारण सरकार ने करीब 450 करोड रुपए की बचत की है ।

पीएम कॉलेज ऑफएक्सीलेंस नेपानगर में मनाया संदीपनि गुरु पर्व

नेपानगर। भारतीय ज्ञान परंपरा और गुरुणिशष्य संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस में संदीपनि गुरु पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ मनीषा साकल्ले के निर्देशन में संपन्न हुआ। इसमें प्राध्यापक कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और भगवान श्रीकृष्ण के गुरु महर्षि संदीपनि के चित्र पर माल्यार्पणए दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद गुरु वंदना प्रस्तुत की गईए जिससे वातावरण आध्यात्मिक और प्रेरणादायी हो गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य सीताराम दलवी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है।

बुरहानपुर नगर निगम एवं शाहपुर नगर परिषद में मनोनीत एल्डरमेनों का किया स्वागत

अर्चना चिटनिस की जनसेवा के नए दायित्व पर एल्डरमैनों शुभकामनाएं

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। नगर निगम बुरहानपुर एवं नगर परिषद शाहपुर में एल्डरमैन के रूप में मनोनीत जनप्रतिनिधियों का विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी मनोनीत एल्डरमैन अपने अनुभव, कार्यकुशलता और जनसेवा के संकल्प के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने नगर के विकास, सुशासन और जनकल्याण के कार्यों को नई गति प्रदान करेंगे।

नगर निगम बुरहानपुर में एल्डरमैन के रूप में बलराज नावानी,चिंतामन महाजन, विजय शेवाडे, विपुल कानूनगो, रुद्रेश्वर एंडोले, शिवकुमार पासी, हीरालाल बड़गुर्जर एवं उमा कपूर के मनोनयन पर विधायक अर्चना चिटनिस ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं शुभकामनाओं के साथ सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि यह दायित्व केवल एक पद नहीं, बल्कि नगरवासियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का महत्वपूर्ण अवसर है।सभी एल्डरमैन संगठन की विचारधारा, जनसेवा की भावना और समर्पण के साथ नगर निगम की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इसी प्रकार नगर परिषद शाहपुर में एल्डरमैन के रूप में रमेश चोपडे, राजाराम आटोलकर,प्रकाश भोई एवं रवि जैन के मनोनयन पर भी विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि अनुभवी एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को मिली यह जिम्मेदारी शाहपुर नगर के विकास को नई दिशा देगी तथा जनहित से जुड़े कार्यों को और अधिक गति मिलेगी।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रादेशिक नेतृत्व ने आप सभी मनोनीत एल्डरमैनों पर जो विश्वास व्यक्त किया है, या आपके वर्षों के सामाजिक कार्य,संगठन के प्रति निष्ठा और जनसेवा के समर्पण का सम्मान है। उन्हें विश्वास है कि सभी एल्डरमैन नगर विकास,स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, जनसमस्याओं के समाधान तथा आमजन की अपेक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

उन्होंने सभी मनोनीत एल्डरमैनों के सफलए यशस्वी एवं जनसेवा से परिपूर्ण कार्यकाल की मंगलकामनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि उनका समर्पण और सक्रिय सहभागिता बुरहानपुर नगर निगम एवं शाहपुर नगर परिषद के विकास को नई ऊर्जा प्रदान करेगी तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान सिद्ध होगी।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, महामंत्री ईश्वर चौहान, भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, मुकेश शाह, पार्षद धनराज महाजन, संभाजीराव सगरे, आशीष शुक्ला, पदमा गणेश वारुडे, हेमेंद्र महाजन,एजाज अशरफी, अशोक महाजन, मनोज फुलवानी, गौरव शिवहरे, ताजू शेख, विजय दौड़ें, गोपाल चौधरी, विनोद चौधरी, पवन बडोले, शोक निकम, चिंटू राठौड़, रवि काकड़े, अक्षय मोरे, दीपक महाजन,आकाश राखुंडे,गगन कुलकर्णी, बंटी मार्शल एवं उमेश सहित जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहें।

आर्ट ऑफ लिविंग सत्संग प्रतापपुरा राम मंदिर में

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफ लिविंग का सत्संग आज गुरुवार रात्रि नौ बजे ताप्तपुरा के राम मंदिर भवन में होगा। संस्था के केन्द्र प्रमुख संतोष देवताले व उपेन्द्र सराफ ने बताया कि आज के सत्संग में व्यक्ति विकास केंद्र के साधक भरत श्रॉफ ,भरत रावल, विजय दुम्बानी,राजेन्द्र पवार, दिपाली पंडित,राजरानी मेहता, अश्विनी मेहता, ईश्वरीय आराधना और गुरु भक्ति पर आधारित मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देंगे। प्रशिक्षक रवींद्र पंडित ने बताया कि सत्संग में 5 अगस्त से शुरू हो रहे हैपपीनेस पोरोगराम 5 दिवसीय शिविर की जानकारी दि जायेगी और प्रशिक्षिका दीपाली पंडित द्वारा इंट्यूशन प्रोसेस शिविर के बारे मे विस्तृत जानकारी डेमोस्ट्रेशन के साथ दी जाएगी।संस्था से जुड़े योगेश श्रॉफ, लक्ष्मण मित्तल,चिंतामन महाजन ,मुकेश पूर्वे,शेखर बोहरा, प्रमोद गाड़िया ,गजेन्द्र अग्रवाल ने समस्त संस्था सदस्यों और नगरवासियों से सत्संग में उपस्थिति का आग्रह किया है।



सेवासदन महाविद्यालय में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गुरू पूर्णिमा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। सेवासदन महा विद्यालय में श्रद्धा और आस्था के साथ गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया गया। इस कार्यक्रम में माँ सरस्वती व प्रथम गुरू महर्षि सांदीपनी जी का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवासदन शिक्षा समिति के सचिव श्री हसमुखलाल जरीवाला जी विशेष अतिथी के रूप में पूर्व प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार कापडिया तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेन्द्र कुमार जैन भारती का सम्मान किया गया। स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एम.शकील के द्वारा अपने गुरूओं का सम्मान करते हुए कहा कि गुरू अपने शिष्यों को अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। उन्होंने अर्जून, एकलव्य एवं अमीर खुसरों के उदाहरण देकर गुरू शिष्य के महत्व को समझाया।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुरेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि गुरू पूर्णिमा का दिन ज्ञान संस्कार एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शन देने वाले गुरू के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है। इस दिन महर्षि वेदव्यास की जयंती भी मनाई जाती है। इसीलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। पूर्व प्राचार्य व विशेष अतिथी डॉ. अनिल कुमार कापडिया ने कहा कि गुरू पूर्णिमा का यह पर्व गुरू शिष्य परम्परा, ज्ञान, संस्कार और नैतिक मूल्यों के महत्व को मजबूत करने का संदेश देता है। सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका सिंह ठाकुर ने अपने संदेश में गुरूओं को नमन करते हुए सभी को गुरू पूर्णिमा की बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, विद्यार्थी एवं एन.एस.एस. के स्वयं सेवक उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम का सफल संचालन व आभार राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राजेश काले के द्वारा किया गया।

वार्ड क्रमांक 11 में जन जागरूकता अभियान

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त बुरहानपुर के उद्देश्य से जन. जागरूकता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 11 शास्त्री चौक में नगर पालिक निगम बुरहानपुर के स्वच्छता चेयरमैन धनराज महाजन,नितेश दलाल एवं सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा द्वारा डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सेक्टर अधिकारी,वार्ड सुपरवाइजर एवं टीम के द्वारा घर.घर जाकर नागरिकों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान नागरिकों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों, उससे होने वाले पर्यावरणीय नुकसान तथा उसके उपयोग से बचने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी नागरिकों से कपड़े अथवा अन्य पर्यावरण.अनुकूल थैलों का उपयोग करने एवं बुरहानपुर को सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की गई। टीम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अंतर्गत कचरे के वैज्ञानिक पृथक्करण की जानकारी देते हुए नागरिकों से गीला कचरा,सूखा कचरा,सैनिटरी अपशिष्ट तथा घरेलू घातक अपशिष्ट को चार अलग.अलग श्रेणियों में संग्रहित कर नगर निगम के डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण वाहन को ही सौंपने का आग्रह किया गया।

निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों से स्वच्छता व्यवस्था संबंधी सुझाव एवं शिकायतें भी प्राप्त हुईं। संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु सेक्टर अधिकारी एवं वार्ड सुपरवाइजर को आवश्यक निर्देश दिए गए। नगर पालिक निगम बुरहानपुर ने सभी नागरिकों से स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त बुरहानपुर के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने की अपील की है।

टिसेक्ट का छटवें सेमेस्टर के परंम्परागत शत-प्रतिशत परिक्षा परिणाम

बुरहानपुर। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल भोपाल द्वारा संचालित तकनिकी पाठ्यक्रमो में सहकारीता क्षेत्र के ठा. शिवकुमारसिंह मेमोरियल पॉलिटेक्निक कॉलेज के छटवे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। अग्रणीय परिक्षा परिणामों में कॉलेज के सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंम्परा को कायम रखा।

संस्था के पॉलिटेक्निक कॉलेज की इलेक्ट्रीकल इंजिनियरिंग ब्रांच मे मेघराज पाटील 7.55 सीजीपीए एवं कृष्णा पटेल 7.52 सीजीपीए अंको के साथ टॉपर्स रहे। सिविल इंजिनियिरिंग ब्रांच मे लालाजी भावसिंह 7.34 सीजीपीए एवं रितिक्षा खैरनार 7.32 सीजीपीए अंको के साथ टॉपर्स रहे। मेकेनिकल इंजिनियरिंग ब्रांच मे कुंदन पाटील 7.27 सीजीपीए अंको के साथ टॉपर रहे। कम्प्युटर साइंस इंजिनियरिंग ब्रांच मे कार्तिक चौहान 8.03 सीजीपीए एवं पूर्वा कदवाने 7.55 सीजीपीए अंको के साथ टॉपर्स रहे। इसके अतिरिक्त डिप्लोमा इंजिनियरिंग के अन्य विद्यार्थीयो ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर कॉलेज के परिक्षा परिणाम को श्रेष्ठ बनाया। उपरोक्त सभी तृतीय वर्ष के विद्यार्थीयो को कॉलेज द्वारा प्लेसमेंट दिया गया। विगत वर्षो

मे महाविद्यालय् के कई छात्र-छात्राओ ने विश्वविद्यालयीन स्तर पर प्रावीण्य सुची मे स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय् तथा जिले का नाम रोशन किया।

विद्यार्थियों की इस सफलता पर नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना प्रशासक, प्रबंध संचालक, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार कथने, मेनेजमेंट प्राचार्या डॉ. स्मिता हजारी, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. जीवन घोरमाडे एवं अधीक्षक प्रो विकास यादव एवं समस्त कॉलेज स्टॉफ ने विद्यार्थीयो की इस सफलता पर उन्हे बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मेक्रो विज़न एकेडमी अनहद आनंद ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक संध्या

बुरहानपुर। मेक्रो विज़न एकेडमी बुरहानपुर के अनहद आनंद ऑडिटोरियम में आवासीय छात्र. छात्राओं के लिए आयोजित एक विशेष सांस्कृतिक संध्या हंसी,संगीत और मनोरंजन के रंगों से सराबोर रही। कार्यक्रम में एक ओर प्रसिद्ध कॉमेडी जोड़ी सुगंधा मिश्रा एवं डॉ.संकेत भोसले ने अपनी शानदार हास्य प्रस्तुति से विद्यार्थियों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया,वहीं दूसरी ओर सुप्रसिद्ध गायक अभिजीत शर्मा ने मोहम्मद रफी के अमर गीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर पूरे सभागार को सुरों की मधुर दुनिया में पहुँचा दिया।

कार्यक्रम में कॉमेडी शो से लोकप्रिय सुगंधा मिश्रा और डॉ.संकेत भोसले ने अपनी चुटीली नोकझोंक, हास्य संवादों और बेहतरीन मिमिक्री से ऐसा समां बाँधा कि पूरा ऑडिटोरियम ठहाकों से गूंज उठा। घर.परिवार की छोटी.छोटी बातों पर आधारित उनकी स्वाभाविक कॉमेडी ने विद्यार्थियों को खूब गुदगुदाया। दोनों कलाकारों की सहज मंच प्रस्तुति और शानदार तालमेल ने कार्यक्रम को बेहद जीवंत बना दिया। दूसरी ओर गायक अभिजीत शर्मा ने सुरों के सरताज मोहम्मद रफी को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके कालजयी गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। जैसे ही उन्होंने क्या हुआ तेरा वादा, बड़ी दूर से आए हैं प्यार का तोहफा लाए हैं , सहित रफी साहब के लोकप्रिय गीतों को अपनी सुरीली आवाज़

में प्रस्तुत किया, पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उनकी गायकी में रफी साहब की सादगी, मधुरता और भावपूर्ण अभिव्यक्ति की झलक स्पष्ट दिखाई दी, जिसने उपस्थित विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आवासीय छात्र.छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया और कलाकारों की प्रस्तुतियों का जोरदार तालियों से स्वागत किया। एक ही मंच पर हास्य और संगीत का ऐसा अनूठा संगम उन्हें लंबे समय तक याद रहेगा।

कार्यक्रम के अंत में एकेडमी प्रबंधन ने सभी अतिथि कलाकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, मानसिक ताजगी और सकारात्मक ऊर्जा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। हंसी और संगीत से सजी यह शाम विद्यार्थियों के लिए यादगार बन गई।

पारीक समाज ने मनाया गुरुपूर्णिमा उत्सव

बुरहानपुर। ब्रम्हपुर पारीक समाज द्वारा समाज के आराध्य देव गुरुवर महर्षि पराशर जी महाराज के मंदिर में प्रति वर्षानुसार,आज बडे हर्ष उल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में भक्तिमय आयोजन किया गया। समाज के आराध्यदेव गुरुवर महर्षि पराशर जी महाराज की मूर्ति की स्थापना 4 वर्ष पूर्व सभी समाजजनो द्वारा समाज के आराध्यदेव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। प्रति वर्षानुसार ईस वर्ष भी गुरुपूर्णिमा के पर्व पर समाजजन द्वारा मंदिर में विभिन्न आयोजन हुए, जिसमें सर्वप्रथम पाराशर भगवान जी की मूर्ति का मंत्रउच्चारण के साथ सभी समाजजन द्वारा मिलकर अभिषेक. पूजन कर आरती की गई,समाज के सुंदरकांड मंडल द्वारा संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस पश्चयात भगवान पराशर जी की जीवनी पर उद्बोधन हुआ,उद्बोधन में रामस्वरूप बोरा द्वारा बताया गया कि वेदों के मुताबिक,भगवान ब्रह्मा के पुत्र वशिष्ठ ओर वशिष्ठ के पुत्र शक्ति थे और शक्ति के पुत्र पराशर थे,पारीक समाज के प्रवर्तक महर्षि पराशर जी है,महर्षि पराशर द्वारा पाराशरी होरा शास्त्र नाम का ग्रंथ लिखा था एवं उद्बोधन के पश्चयात समाज की महिला मंडल द्वारा सुंदर भजनों का रसपान कराया गया एवं अंत मे प्रसादी वितरण के साथ आयोजन का समापन हुवा ।

एक नजर ▶ आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त मार्केट के निर्माण पर बनी सहमति .....

व्यापारियों के साथ गुलमोहर मार्केट के पुनर्निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की

बुरहानपुर। परमानंद गोविंदजी वाला ऑडिटोरियम में गुलमोहर मार्केट के व्यापारियों की बैठक महापौर की अध्यक्षता एवं गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित की गई।

बैठक में गुलमोहर मार्केट के पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गईए जिसमें उपस्थित सभी व्यापारियों ने प्रस्तावित योजना पर सभी ने अपनी सहमति व्यक्त की।

बैठक को संबोधित करते हुए माननीय महापौर जी ने कहा कि गुलमोहर मार्केट का निर्माण आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त स्वरूप में किया जाएगा। व्यापारियों एवं ग्राहकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी

आवश्यक आधारभूत व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि शहर के मध्य स्थित होने के कारण यह नवीन मार्केट भविष्य में बुरहानपुर का एक आकर्षक एवं सुव्यवस्थित व्यापारिक केंद्र बनेगा, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा शहर के विकास को भी मजबूती मिलेगी। महापौर जी ने व्यापारियों से निर्माण कार्य में पूर्ण सहयोग का आग्रह करते हुए विश्वास दिलाया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय.सीमा एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाएगा।

निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव द्वारा बैठक में बताया गया कि प्रत्येक दुकान के निर्माण की औसत अनुमानित लागत लगभग 3.50 लाख होगी। अंतिम लागत टेंडर दर के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

दुकानदारों से प्रथम किश्त के रूप में 2.00 लाख तथा द्वितीय किश्त के रूप में 1.50 लाख जमा कराई जाएगी। दुकानों के निर्माण कार्य को पूर्ण होने में लगभग छह माह का समय लगेगा। निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत प्रत्येक व्यापारी को उनकी दुकान उसी स्थान पर आवंटित की जाएगी, जहाँ वर्तमान में उनकी दुकान स्थित है।

बैठक के अंत में उपस्थित सभी व्यापारियों ने माननीय महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, पूर्व महापौर अतुल पटेल एवं निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तावित पुनर्निर्माण योजना का स्वागत करते हुए सर्वसम्मति से अपनी सहमति प्रदान की तथा विश्वास व्यक्त किया कि नवीन गुलमोहर मार्केट आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक व्यापारिक केंद्र के रूप में विकसित होकर शहर की नई पहचान बनेगा।

इस अवसर पर माधुरी अतुल पटेल,पूर्व महापौर अतुल पटेल, आयुक्त संदीप श्रीवास्तव,प्रभारी कार्यपालिका यंत्र प्रेम कुमार साहू, जनसंपर्क अधिकारी हरीश मोरे, प्रभारी राजस्व अधिकारी शशिकांत पावीत्रे एवं व्यापारी गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।